वार्षिक स्वास्थ्य शिविर-2024

विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी भावना एवं आस्था अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार दिनाँक 8 दिसम्बर 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक विदिशा पार्क(सेक्टर-J), महानगर विस्तार में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घघाटन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री राजीव सिंह जी द्वारा एवं श्री असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर शहर के कई लब्ध प्रतिष्ठित डॉक्टर एवं गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे। भावना की तरफ से वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राम लाल गुप्ता जी मुख्य अतिथियों एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आरम्भ विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए भावना गीत के गायन से हुआ।

श्री राम लाल गुप्ता जी ने इस कार्यक्रम में उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के साथ-साथ भावना द्वारा समाज कल्याण के लिए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे मे अवगत कराया। श्री गुप्ता जी ने यह भी अवगत कराया कि इस वर्ष का आयोजन पिछले वर्षों की तुलना मे अधिक वृहद स्तर पर किया गया है और सभी से अपील किया कि केवल पूर्व में निदान हुए बीमारियों के अतिरिक्त भी अन्य उपलब्ध जाँचों की सुविधा का लाभ उठायें जिससे शरीर के अन्दर अथवा मानसिक स्तर पर शुरू हो रहे विकारों का शुरुआती स्तर पर पता चलते ही उसका शमन कर स्वस्थ दीर्घ जीवन का लाभ उठा सकें। श्री गुप्ता जी ने सहयोग के लिए आस्था अस्पताल के प्रबंधन को धन्यवाद दिया एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम में भावना के संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य श्री विनोद कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष श्री तुंग नाथ कनौजिया और श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला, प्रमुख सचिव श्री रमा कान्त पाण्डेय, महासचिव प्रशासन श्री राजेन्द्र कुमार चुघ, महासचिव क्रियान्वयन श्री जगमोहन लाल जैसवाल, सम्प्रेक्षक श्री राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री राम कृष्ण आनंद, महिला प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती नीना अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग रुपये 6000.00 से अधिक मूल्य की निम्न जाँचें निःशुल्क उपलब्ध करायी गई :

शुगर रैंडम और HbA1C ,रक्तचाप (BP),

फेफड़ों की कार्यक्षमता जाँच (PFT), लीवर की जाँच (फाइब्रोस्कैन), हृदय की विद्युत गतिविधि की जाँच (ईसीजी),

तंत्रिका तंत्र की जाँच (न्यूरोपैथी), कोलेस्ट्रॉल और वसा की जाँच (लिपिड प्रोफाइल), थायराइड हार्मोन की जाँच (TSH), प्रोस्टेट की जाँच (PSA टेस्ट), . शरीर के वसा, मांसपेशी और जल का विश्लेषण (बॉडी कंपोजिशन एनालिसिस), आहार और पोषण परामर्श (आहार विशेषज्ञ), सुनने की क्षमता की जाँच (श्रवण तंत्र की जाँच),मूत्र संक्रमण की जाँच(UTI), इंसुलिन के उपयोग और जानकारी के लिए जागरूकता (इंसुलिन जागरूकता), हड्डियों की मजबूती की जाँच (हड्डी खनिज घनत्व - BMD), आँखों की जाँच (रेटिनोपैथी), लीवर की कार्यक्षमता की जाँच (LFT), खून में यूरिक एसिड की जाँच, स्मृति और मानसिक स्वास्थ्य की जाँच (डिमेंशिया मूल्यांकन), मानसिक स्वास्थ्य और सहायता परामर्श (काउंसलर)।

इन जांचों के आधार पर डॉक्टर अभिषेक शुक्ला जी एवं डॉक्टर अमित शुक्ला जी सहित उपस्थित विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया गया। डॉक्टर के परामर्श से यथावश्यक अधिकतम 7 दिनों के लिए दवाएँ भी निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी।

शिविर में एलोपैथी के अतिरिक्त होमिओपैथी, एक्युप्रेशर, एक्युपंक्चर के डॉक्टर, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विशेषज्ञ वैद्य भी परामर्श हेतु उपलब्ध रहे।

शिवर में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा का लाभ भी अत्यन्त सराहनीय रहा।

सफलता के मानदण्डों को स्थापित करते हुए शिविर में अभूतपूर्व रूप से 1500 से अधिक नागरिकों द्वारा उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लिया गया।